उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1503............ **संवाद–89** दिनांक /Date.: 09-02-2021

विषयः– दिनांक 29 नवम्बर, 2020 को आयोजित सहायक लेखाकार, पद कोड–135 औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी किये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 29 नवम्बर, 2020 को गो0ब0पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सहायक लेखाकार, पद कोड–135 के 93 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से चयन हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची दिनांक 08.02.2021 को जारी कर आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर प्रकाशित की गयी है।

उपरोक्त परीक्षा में टंकण परीक्षा हेतु जारी औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों की **टंकण परीक्षा दिनांक 01 मार्च, 2021** को आयोजित की जायगी। टंकण परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक 22.02.2021 से आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिये जायेंगे, जिससे टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित स्थान व समय की जानकारी से अवगत कराया जायेगा। अतः टंकण परीक्षा हेतु चयनित समस्त अभ्यर्थी अपनी टंकण परीक्षा हेतु अपनी तैयारियां सुनिश्चित कर लें जिससे कि उन्हें टंकण परीक्षा में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा देहरादून में ही आयोजित की जायेगी।

वाहन चालक, पद कोड–51, 62, 85 व 103 परीक्षा की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी किये जाने के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 25.11.2018 को पदनाम–वाहन चालक, पद कोड–51, 62, 85 व 103 की लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। उक्त लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की वाहन चालन परीक्षा दिनांक 01, नवम्बर, 2020 से दिनांक 07 नवम्बर, 2020 के मध्य आयोजित की गयी। लिखित परीक्षा व वाहन चालन परीक्षा के आधार पर अभिलेख सत्यापन हेतु चयनित अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची आयोग वेबसाइट पर दिनांक 08.02.2021 को प्रकाशित की गयी है।

उक्त पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों का **अभिलेख सत्यापन दिनांक 24 फरवरी, 2021** को आयोग कार्यालय में किया जायेगा। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त तिथि को प्रातः 09:30 बजे अपने समस्त अभिलेखों व 04 फोटोग्राफ सहित आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

अभिलेख सत्यापन के लिए यह स्पष्ट करना है कि अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित सभी तरह की पात्रतायें व अनिवार्य प्रमाण पत्र आवेदन की अंतिम तिथि तक पूर्ण होने आवश्यक है तद्नुसार सभी पात्रता व अर्हता प्रमाण पत्र लेकर अभिलेख सत्यापन के लिए आयें।

अभ्यर्थी किसी भी जानकारी के संबंध में **दूरभाष 0135–2669658 एवं 9520991174, 9520991172** तथा **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर संपर्क कर सकते है।

चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामना के साथ।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।